(c) There have been no bottlenecks in the movement by rail. Loading and movement of foodgrains by rail was as per the programme and handling capacity of Food Corporation of India.

Attempt of Theft of an Idol from Bhojpur Temple

870. SHRI PARVATHANENI UPENDRA: Will the Minister of HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT be pleased to state:

(a) whether it is a fact that there was an attempt to steal an idol from the Bhojpur Temple recently;

(b) if so, whether investigations have been made into the report of the incident; and

(c) what is the outcome of the investigation?

THE MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENTS OF EDUCATION AND CULTURE IN THE MINISTRY OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (SHRIMATI KRISHNA SAHI): (a) Yes, Sir.

(b) and (c) The case is still under investigation by the police authorities concerned.

केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना में कार्य कर रहे तदर्थ डाक्टर

871. **श्री सूरज प्रसाद** : क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना के औषधालय में कितने आयुर्वेदिक, एलोपैथिक तथा होम्योपैथिक डाक्टर पिछले 10–12 वर्षों से तदर्थ आधार पर कार्य कर रहे हैं और उन्हें अभी तक स्थायी न किए जाने के क्या कारण हैं;

(ख) केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना के औषधालयों में कितने औषधालयों के ऊपर एक मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सी०एम०ओ०) की नियुक्ति की जाती है; और

(ग) दिल्ली के यमुनापार क्षेत्र केवल दो मुख्य चिकित्सा अधिकारि (सी०एम०ओ०) की नियुक्ति किन नियमों के अधीन की गई है ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (कुमारी सरोज खापर्डे) :

(क) गत 10 वर्षों के दौरान केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना में तदर्थ आधार पर कार्य कर रहे आयुर्वेद, एलोपैथी और होम्योपैथी के डाक्टरों को संख्या इस प्रकार है :—

एलोपैथिक . . .	23
आयुर्वेद	1
एलोपैथिक . . .	—

संघ लोक सेवा आयोग की सिफारिशों पर केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना के डाक्टरों की नियमित नियुक्तियां लिखित परीक्षा और/अथवा साक्षात्कार के आधार पर की जाती हैं । आयोग ने तदर्थ आधार पर नियुक्ति इन अधिकारियों को नियमित रूप से नियुक्त करने की अभी तक कोई सिफारिश नहीं की है ।

(ख) और (ग) मुख्य चिकित्सा अधिकारी वरिष्ठता आधार पर नियुक्त किये जाते हैं । बहरहाल, केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना, दिल्ली के लिये 25 मुख्य चिकित्सा अधिकारियों के पद मंजूर किये गये हैं । सामान्यः मुख्य चिकित्सा अधिकारी उसी औषधालय में तैनात किया जाता है जिसमें काफी संख्या लाभार्थी होते हैं ।

ब्रह्मपुरी, दिल्ली में किराये के तम्बुओं में चलाये जा रहे सरकारी विद्यालय

872. **श्री सुशील कुमार पट्टनायक :**
कुमारी सुशीला तिरिया :

क्या **मानव संसाधन विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ब्रह्मपुरी, दिल्ली-110053 में सभी कक्षाएं किराये के तम्बुओं में लगाई जाती हैं, जबकि मंत्रालय द्वारा वर्ष 1984–85 में इस विद्यालय के लिए नए भवन के निर्माण